तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 100 से अधिक विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में ...



10 पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टल में एक ...



नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

खबर संक्षेप

राजस्थान के तीन युवक से गांजा बरामद, गिरफ्तार

भिलाई। गांजा की तस्करी करने वाले तीन राजस्थानी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव नाले दुर्ग के पास दबिश देकर कल्याणसर बीकानेर निवासी कालू राम माहिया, सीकर निवासी अभिमन्यु सिंह, श्रीडूंगरगढ़ निवासी रामानंद चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने गांजा 15.737 किलोग्राम और तीन मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने तीनों युवकों के पास से पिठ्ठू बैग में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया। युवकों द्वारा ग्राहक की तलाश में गांजा रखकर घूम रहे थे। पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार किया है।

लेनदेन के विवाद में जवान का अपहरण कर पिताई

भिलाई। रकम लेनदेन को लेकर सीएएफ के जवान का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर मारपीट करने वाले महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना पुलगांव प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि सीएएफ के कंट्रोल से सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। जहां से जवान विजय शील से छुड़या गया। विजय 6 वीं बटालियन रायगढ़ में पदस्थ है। जवान का महिला हरजिंदर कौर से करीब 11 लाख रुपए का पुराना लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के बीच जवान विजय दुर्ग पहुंचा था। जब जवान दुर्ग पहुंचा तो उसे वाहन में हरजिंदर कौर और चालक कृष्ण सिंह जबरन वाहन में बिठाकर पुलगांव थाना क्षेत्र के गोकुल नगर के पास कॉलोनी के मकान में लाया गया। यहां उसके साथ मारपीट कर स्टाम्प पेपर में रकम को लेकर लिखापढ़ी की गई। छग सशस्त्र बल के विजय शील का अपहरण कर उसे बंधक बनाने और मारपीट करने की खबर सामने आई थी। आरोप है कि जवान को बस स्टैंड से अपहरण कर मकान में ले जाया गया था।

गांवों में पहुंचे मंत्री दयाल दास, माता रानी के दरबार में टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

अर्जुनी, नवागांव, भनसुली और भैसा में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, समस्याएं और स्थानीय जरूरतें सुनीं

नवरात्रि के पावन अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक दयाल दास बघेल ने क्षेत्र के चार गांवों अर्जुनी, नवागांव, भनसुली और भैसा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में स्थापित माता रानी के दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा निरंतर विकास की कामना की। धार्मिक आस्था के साथ आयोजित इस दौरे में मंत्री ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने लोगों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं, मांगों और स्थानीय जरूरतों की जानकारी भी ली। मंत्री बघेल ने नवरात्रि के अवसर पर माता रानी के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के सुखद जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना के दौरान उन्होंने गांवों में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहने की प्रार्थना की। नवरात्रि के दौरान गांवों में धार्मिक उत्साह और आस्था के बीच मंत्री का आगमन ग्रामीणों से मेल-मुलाकात का अवसर भी बना। उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों से बातचीत की और उनकी बातों को सुना। दौरे के दौरान अर्जुनी, नवागांव, भनसुली और भैसा में मंत्री बघेल ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान लोगों ने अपने क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 11 पर



धार्मिक आस्था के साथ जनसंपर्क पर जोर

नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस दौरे में धार्मिक आस्था और जनसंवाद दोनों पहलू प्रमुख रहे। मंत्री बघेल ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की, वहीं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी भी ली। चार गांवों के भ्रमण के जरिए उन्होंने क्षेत्रवासियों से संपर्क बनाए रखने और स्थानीय जरूरतों को समझने पर जोर दिया। मंत्री का यह दौरा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद लेने के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचकर संवाद करने से धार्मिक और सामाजिक सरोकारों को एक साथ जोड़ने का प्रयास नजर आया।

अपराध : बंजारपुर में नहर किनारे भाठा पर मिला था बलराम पटेल का शव

घूरकर देखने की बात पर अंधविश्वास में की हत्या, टंगिया से सिर-चेहरा किया छलनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साजा क्षेत्र के ग्राम बंजारपुर में घूरकर देखने की बात और व्यक्तिगत अंधविश्वास के चलते एक युवक ने टंगिया से कई वार कर बलराम पटेल की हत्या कर दी। 13 अक्टूबर की शाम गांव के श्मशान घाट के पास नहर किनारे भाठा में बलराम का शव मिलने से मामले का खुलासा हुआ। सूचना पर पहुंची परपोड़ी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पटेल (20 वर्ष), निवासी बंजारपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त टंगिया भी जब्त की गई। पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव के मार्गदर्शन तथा बेरला एसडीओपी रुचि वर्मा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने जांच तेज की। थाना प्रभारी परपोड़ी निरीक्षक अजय सोनकर और प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार कश्यप सहित पुलिस स्टाफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञ टीम की भी मदद ली गई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक के घूरकर देखने की बात को लेकर वह आवेश में आ गया था। व्यक्तिगत अंधविश्वास के वशीभूत होकर उसने धारदार हथियार टंगिया से बलराम पटेल के सिर और चेहरे पर कई बार वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टंगिया और अन्य साक्ष्य जब्त किए हैं।



श्मशान घाट के पास मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे ग्राम बंजारपुर निवासी चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पटेल ने थाना परपोड़ी पहुंचकर बलराम पटेल की हत्या की सूचना दी। उसने बताया कि गांव के श्मशान घाट के पास नहर किनारे भाठा में बलराम की टंगिया से वार कर हत्या कर दी गई है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस सूचनाकर्ता को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां बलराम पटेल का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

आरोपी गिरफ्तार न्यायालय में किया पेश

पुलिस ने मामले में आरोपी चंदू उर्फ चंद्रप्रकाश पटेल, पिता सुकालू पटेल, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम बंजारपुर, थाना परपोड़ी, जिला बेमेतरा को 14 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस मामले में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अजय सोनकर, थाना प्रभारी परपोड़ी प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार कश्यप, सहायक उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुलार्य, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, प्रकाश सिंह राजपूत, ललित केरकेट्टा तथा आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, पीयूष सिंह, दीपक ठाकुर, दीपक सिंह और प्रमोद पांडेय सहित थाना परपोड़ी के पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

देवकर चौकी का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, अपराधों के त्वरित निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान चौकी देवकर का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चौकी के अभिलेखों, मालखाने और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अपराधों के त्वरित निराकरण, रात्रि गश्त मजबूत करने और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए बेहतर पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया।

- **अवैध कारोबारियों पर सख्ती, रात्रि गश्त बढ़ाने और 60 से 90 दिन में चालान पेश करने पर जोर**

उन्होंने जब्ती माल, मालखाना, जब्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, ड्यूटी, मृतक, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका और फिंगरप्रिंट रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच की। साथ ही चौकी परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी, शिकायतों और वारंटों का शीघ्र निराकरण करने के साथ असामाजिक तत्वों, निगरानी बदमाशों और गुंडा सूची में शामिल लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शराब पीकर हंगामा और मारपीट करने वालों पर भी सख्ती बरतने को कहा। उन्होंने मामलों की समयबद्ध विवेचना कर 60 से 90 दिनों के भीतर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता बताई।

तलाशी और जब्ती के दौरान फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराने तथा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सीसीटीएनएस के तहत मेडिकल-लीगल परीक्षण और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की ऑनलाइन प्रक्रिया को भी समयबद्ध व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

रात्रि गश्त बढ़ाएं, संदिग्धों पर रखें नजर

एसपी ने बीट आरक्षकों और चौकी प्रभारी को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। बीट पुस्तिका में क्षेत्र के पुराने विवादों, विवादग्रस्त स्थानों, अपराधियों की गतिविधियों, प्रमुख जनप्रतिनिधियों और महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संबंधित जानकारी अद्यतन रखने को कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा गया। एसपी ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा गुम बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए अभियान चलाकर उन्हें दस्तयाब करने के निर्देश दिए। यौन उत्पीड़न और अन्य पात्र अपराधों की पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रकरण राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप निरीक्षक अलील चंद, चौकी प्रभारी देवकर प्रशिक्षु उप निरीक्षक निधि गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक फागेश्वर देशमुख, आरक्षक दीनदयाल डहरिया, मुकेश पाल, हरीश ठाकुर, महिला आरक्षक सरला भारती सहित चौकी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एथेनाल प्लांट के विरोध मामले में दो को सुप्रीम कोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एथेनॉल प्लांट की स्थापना के विरोध में हुए आंदोलन से जुड़े आपराधिक मामले में सिद्दीक खान और अजिताभ मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है।

शीर्ष अदालत ने बेमेतरा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर 2026 को होगी। प्राप्त आदेश के अनुसार सिद्दीक खान व अन्य बनाम छत्तीसगढ़ शासन व अन्य की सुनवाई न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। अदालत ने नोटिस जारी करते हुए 18 नवंबर 2026 तक जवाब प्रस्तुत करने के लिए मामला सूचीबद्ध किया है। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर के 8 मई 2026 पारित आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने थाना बेमेतरा में 25 अक्टूबर 2024 को दर्ज एफआईआर से जुड़े मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बेमेतरा के समक्ष लंबित आपराधिक प्रकरण क्रमांक 26/2025 की आगे की कार्यवाही स्थगित रखने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि एथेनॉल प्लांट की स्थापना के विरोध में क्षेत्र में करीब पांच महीने तक आंदोलन चला था। आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम ▶▶ शेष पेज 11 पर

सूर्यघर योजना से बिजली खर्च में राहत अधिकाधिक लोगों को जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को नवागढ़ के सतनाम भवन में सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने नागरिकों से घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर योजना का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम में सौर ऊर्जा से मिलने वाले आर्थिक लाभ का उदाहरण भी सामने आया। नवागढ़ के हितग्राही केवल प्रसाद सोनवानी के घर सोलर पैनल लगने के बाद बिजली बिल में माइनस 14,261 रुपए की राशि दर्ज हुई। इस उदाहरण के जरिए योजना से मिलने वाली राहत को रेखांकित किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र की ओर से आयोजित ▶▶ शेष पेज 11 पर

- **सेवा सेतु अभियान में मंत्री दयालदास बघेल और सांसद विजय बघेल ने किया जागरूक, पंचायतों व हितग्राहियों का सम्मान**



राजस्व कार्य ठप, किसान और आम लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर

पी.वी. ऐप की तकनीकी दिक्कतों के विरोध में दूसरे दिन भी पटवारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पी.वी. ऐप की तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं, लंबित मांगों तथा पटवारियों पर की गई कार्रवाई के विरोध में राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर बेमेतरा जिले के पटवारियों की हड़ताल दूसरे दिन बुधवार, 14 अक्टूबर को भी जारी रही। पटवारियों के हड़ताल पर रहने से जिले में राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है।

- **वेतन विसंगति दूर करने और बर्खास्त पटवारियों की बहाली की मांग**

इसका खामियाजा किसानों और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए तहसील कार्यालय पहुंचने वाले आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जरूरी काम नहीं होने से लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। राजस्व पटवारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी 13 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। बेमेतरा जिले के पटवारी भी अपनी मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के सामने जय स्तंभ चौक स्थित धरना पंडाल में एकजुट होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को भी पटवारियों ने धरना जारी रखते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित कराया। संघ का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों और पी.वी. ऐप से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

पी.वी. ऐप से जुड़ी समस्याओं के अलावा पटवारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को भी आंदोलन में प्रमुखता से उठाया है। संघ ने पटवारियों की वेतन विसंगति का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। इसके साथ ही कुछ जिलों में बर्खास्त और स्थानांतरित किए गए पटवारियों को पुनः बहाल करने तथा उनके विरुद्ध की गई समस्त कार्रवाइयों को शून्य घोषित करने की मांग भी रखी है। संघ का कहना है कि पटवारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाना चाहिए और उनके समाधान के लिए शासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। मांगों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जा सकता है। फिलहाल जिले में दूसरे दिन भी पटवारियों की हड़ताल जारी रहने से राजस्व कामकाज प्रभावित है। ऐसे में हड़ताल समाप्त होने और पटवारियों की मांगों पर शासन स्तर से निर्णय लिए जाने का इंतजार है।



पी.वी. ऐप की जगह भुइयां सॉफ्टवेयर में फसल एंट्री की मांग

पटवारियों के आंदोलन का प्रमुख मुद्दा पी.वी. ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन की व्यवस्था है। संघ के अनुसार, ऐप पर काम करने के दौरान कई तरह की तकनीकी और व्यावहारिक परेशानियां सामने आ रही हैं, जिससे कार्य करने में दिक्कतें हो रही हैं। पटवारी संघ इस व्यवस्था के स्थान पर पूर्व वर्षों की तरह भुइयां सॉफ्टवेयर में फसल की एंट्री करने की सुविधा बहाल करने की मांग कर रहा है। संघ का कहना है कि फसल संबंधी जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिससे मैदानी स्तर पर काम करने वाले पटवारियों को अनावश्यक तकनीकी परेशानियों का सामना न करना पड़े और निर्धारित कार्य समय पर पूरा हो सके। इसी मांग को लेकर पटवारी लगातार शासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकलने से नाराजगी बनी हुई है।

खबर संक्षेप



बाढ़ में लोगों की जान बचाने वाले पुलिस जवानों का किया गया सम्मान

दुर्ग। सितंबर में आई बाढ़ के दौरान लोगों की जान बचाने और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले दुर्ग पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत कर उनके कार्यों की सराहना की है। 25 और 26 सितंबर को जिले में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति बन गई थी। इस दौरान रास्ते बाधित होने से कई नागरिक प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए थे। ऐसे मुश्किल हालात में दुर्ग पुलिस की टीमों ने मोर्चा संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य चलाया। बाढ़ के दौरान थाना पुलगांव क्षेत्र के ग्राम भरदा, पौसेगांव, पुलगांव और भावभूमि में जलभराव तथा ओवरफ्लो के कारण आवागमन बाधित हो गया था। इन इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए पुलिस टीम ने लगातार प्रयास किए। इसी तरह चौकी अंजोरा क्षेत्र के ग्राम चगोरी, थनौद और महमरा में भी बाढ़ से प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। विपरीत परिस्थितियों के बीच पुलिस बल ने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बचाव कार्य किया। दुर्ग पुलिस के जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की मदद की। उनके इसी योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। थाना पुलगांव के उप निरीक्षक गुरविंदर सिंह संधू थाना प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक सुभाष साहू, आरक्षक हेमेंद्र कुर्रे, आरक्षक हरिश्चंद्र सिन्हा, चौकी अंजोरा क्षेत्र उप निरीक्षक चंद्रशेखर सोनी, आरक्षक चंद्रभान यादव, थाना कुम्हारी उप निरीक्षक पारस सिंह ठाकुर थाना प्रभारी आदि शामिल हैं।

बांसपारा में बनेगा किसान भवन, 200 से ज्यादा परिवारों को मिलेगा आबादी पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बांसपारा वार्ड 28 में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री व शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान बांसपारा में सिंचाई विभाग की रिक्त पड़ी जगह का निरीक्षण भी किया गया, जहां किसान भवन बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। भवन का निर्माण कृषि उपज मंडी के माध्यम से किया जाएगा।

वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए केबिनेट मंत्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने तथा समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कार्य करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्र के विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन, एसडीएम सोनल डेविड, ईई जल संसाधन आशुतोष शाश्वत सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

बांसपारा वार्ड में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



तालाब पार में रहने वाले परिवारों ने रखी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेंद्र यादव स्थानी लोगों से मिले। इस दौरान लोगों ने बताया कि लंबे समय से वे यहां निवासरत हैं। अब तक उन्हें आबादी पट्टा जारी नहीं किया गया है। इस दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि तालाब पार की जगह पर आबादी पट्टा जारी नहीं होता है। इस पर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश सेन ने कहा कि जब तालाब पार पर हाउसिंग बोर्ड में आवासों का निर्माण करा सकता है, तो फिर लोगों को पट्टा जारी क्यों नहीं हो सकता। इस दौरान उन्होंने किसान भवन बनाए जाने की भी मांग मंत्री के समक्ष रखी। इस पर मंत्री ने अधिकारियों से सिंचाई विभाग की रिक्त जगह पर किसान भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इस अपर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश सेन सहित अन्य ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर सामने आई लापरवाही

पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टल में एक साल तक के आवेदन पेंडिंग, कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रकरण निराकरण पश्चात सूची से विलोपित कराने फाईल कलेक्टर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माननीय उच्चन्यायालय बिलासपुर में लंबित प्रकरणों हेतु विभाग द्वारा नियुक्त प्रभारी अधिकारी समय-सीमा में जवाब दावा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के अभ्यावेदन कलेक्टोरेट स्थित सांख्यिकीय ज्यूडिशियल शाखा में दर्ज है। विभाग जिनका प्रकरण निराकरण हो गया है अधिकारी ज्यूडिशियल शाखा से जानकारी प्राप्त कर कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रकरण विलोपित कराने फाइल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान जनशिकायत से संबंधित पोर्टलों में 90 दिवस एवं एक साल से प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी, ई-समाधान पोर्टलों में लंबित प्रकरणों का संबंधित विभागीय अधिकारी प्राथमिकता के साथ परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर निराकृत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस अंतर्गत निराकृत फाईल पार्क करना सुनिश्चित करें। ईएचआरएमएस अंतर्गत समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अनबोर्ड होने के साथ ही विभागों में अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया ऑनलाईन हो।

हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



पावर ग्रिड के प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलेगा जल्द

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम संबंधित क्षेत्र में पावर ग्रिड प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा राशि वितरण करायें। स्वीकृत मुआवजा राशि लंबित न रखे। बैठक में वय वंदन योजना, छात्रवृत्ति हेतु आवेदन और धान खरीदी हेतु उपलब्ध बारदाने की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा स्थानीय, नगरीय निकाय चुनाव हेतु विभागों से निर्धारित गुगलशीट में कर्मचारी डाटा एन्ट्री कराने कहा गया। बैठक में एडीएम विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे, नगर निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त डी. राजपूत सहित सभी एसडीएम व जनपद सीईओ, सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

नवंबर से होगी धान की खरीदी तैयारियों को लेकर ली जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी से जुड़े विभागों से जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी नवंबर महीने में धान की खरीदी होनी है। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों का एग्रीस्टेक पर पंजीयन किया जा रहा है। इस अलावा बारदानों की उपलब्धता पर्याप्त है। नए के लिए डिमांड तैयार किया जा रहा है। शासन से अनुमति के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इसके अलावा सोसाइटियों में धान रखने के लिए फड़ तैयार किए जा रहे हैं। सफाई के लिए निर्देशित किया जा चुका है। अर्ली वैराइटी के धान तैयार हो चुके हैं। उनका कटना जल्द शुरू होना है। कलेक्टर ने अक्टूबर महीने के अंत तक धान खरीदी की तैयारी पूरी करने के लिए निर्देशित किया।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर भर्ती 2026-27 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है और शारीरिक दक्षता परीक्षा से पहले प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वे 21 अक्टूबर की सुबह 6 से 8 बजे तक रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग में उपस्थित होने की अपील की गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने पदयात्रियों के बैग पर लगाया रेडियम स्टिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नवरात्रि पर्व में डोंगरगढ़ पहुंचने वाले पदयात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने उनकी सुरक्षा के लिए कपड़े और बैगों पर रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले भक्जनों के लिए सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए यह व्यवस्था किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में भक्तजन पदयात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। ऐसे में रात के समय सड़क हादसों की रोकथाम, पदयात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विभिन्न स्तरों पर आवश्यक इंतजाम किया गया है। पदयात्रियों की दृश्यता बढ़ाने के लिए उनके कपड़ों एवं बैग पर रेडियम स्टिकर लगाए जा रहे हैं। इससे वाहन चालकों को सड़क पर चल रहे पदयात्री दूर से दिखाई दे सकेंगे। दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने में सहायता मिलेगी। पदयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध सर्विस रोड को अलग कर पदयात्रियों के आवागमन के लिए व्यवस्थित किया गया है। जिन स्थानों पर सर्विस रोड उपलब्ध नहीं है, वहां बांस-बल्ली एवं कॉशनरी टेप लगाकर पदयात्रियों के लिए पृथक मार्ग तैयार किया गया है। जिससे पदयात्रियों और वाहनों के बीच टकराव की संभावना कम हो सके। पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक पदयात्री मार्ग पर 24 घंटे पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की गई है।

पावर हाउस चौक व जेल तिराहा में पुलिस बीट

रूट डायवर्जन एवं ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी देने के लिए पावर हाउस चौक एवं जेल तिराहा में पुलिस बीट, पीए सिस्टम की व्यवस्था की गई है। पदयात्रियों को निर्धारित मार्ग पर भेजा जा रहा है। अनावश्यक भीड़ ट्रैफिक अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो। पदयात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए पुलिस बल की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है। पदयात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं आवश्यक सहायता के लिए पुलिस की उपलब्धता बेहतर किया जा रहा है।

मेयर ने वार्डों की समस्याओं के समाधान पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



महापौर अलका बाघमार ने मोतीलाल सभागार में निगम क्षेत्र के पार्षदों के साथ बैठक कर शहर में जारी एवं प्रस्तावित छोटे-बड़े विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में महापौर ने पार्षदों से उनके वार्डों की समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्षद संबंधित इंजीनियर से संपर्क कर विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार करवाएं, ताकि कार्यों को गति दी जा सके। शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए संपत्तिकर जमा करने वाले नागरिकों को डस्टबिन वितरित करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अटल आवास, बॉम्बे आवास एवं आईएचएसडीपी आवासों के बीच खाली स्थानों का कांक्रीटीकरण, जलभराव की समस्या का समाधान, सामुदायिक भवनों का संधारण, गार्डन एवं मुक्तिधामों का रखरखाव तथा शासकीय तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर भी मौजूद थे।

आयुष्मान से मिली राहत

दुर्ग। किसी भी परिवार के लिए बच्चे का जन्म खुशियों का अनमोल पल होता है। लेकिन कई बार अस्पताल में प्रसव और उपचार का खर्च परिवार के लिए आर्थिक चिंता का कारण बन जाता है। ऐसे समय में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ा सहारा बनती हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना ने रिसाली निवासी संस्कृति वर्मा के परिवार को भी ऐसी ही राहत प्रदान की है। शंकराचार्य अस्पताल में उनके दूसरे बच्चे का प्रसव आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क हुआ, जिससे परिवार को आर्थिक बोझ की चिंता नहीं करनी पड़ी।

स्वामी विवेकानन्द के विचारों में निहित है मानव-उत्कर्ष का मार्ग : शरद विवेक सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



आफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण सेवा मंडल, भिलाई द्वारा स्वामी आत्मानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में मानव-उत्कर्ष और स्वामी विवेकानन्द' विषय पर स्वामी आत्मानन्द स्मृति व्याख्यान प्रगति भवन में हुआ। अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम की पत्रिका विवेक ज्योति के संपादक स्वामी प्रपत्त्यानन्द ने की।मुख्य वक्ता डेक्सटेरिटी ग्लोबल, पटना के सीईओ शरद विवेक सागर तथा विशिष्ट वक्ता पीठ के सचिव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश वर्मा उपस्थित थे।

बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर ने स्वामी आत्मानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला और अतिथियों का परिचय दिया। वक्ता शरद विवेक सागर ने 'मानव-उत्कर्ष और स्वामी विवेकानन्द विषय पर अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का दर्शन केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं था, बल्कि वह व्यक्ति निर्माण, चरित्र निर्माण, शिक्षा, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का व्यापक दर्शन था। उनका विश्वास था कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्ति विद्यमान है ।

डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करते हुए पूरी दुनिया को मानवता, सहिष्णुता और सेवा का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि विवेकानन्द जी के लिए शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना या डिग्री प्राप्त करना नहीं था, बल्कि मनुष्य के भीतर निहित शक्ति एवं चरित्र का विकास करना था। स्वामी प्रपत्त्यानन्द ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का चिंतन कालजयी है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति को विश्व के सामने स्थापित करने के साथ भारतीय समाज को आत्मविश्वास और आत्मगौरव का संदेश दिया।ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन और संचालन जितेंद्र मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर ओए कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू सहि प्रहलाद मौर्या, अनु पी, संजय तिवारी, श्रवण कुमार शुक्ला, विकास कुमार सिन्हा, विनीत वर्मा तथा श्री रामकृष्ण सेवा मंडल, भिलाई के सचिव श्री तुषार सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में बार-बार बिजली कटौती से उद्योगों के अस्तित्व पर संकट



भिलाई। छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख ऊर्जा उत्पादक राज्यों में गिना जाता है। इसके बावजूद प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन कई-कई घंटों तक बिजली बंद रहने की समस्या उद्योग जगत के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण उद्योगों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है, मशीनों का संचालन बाधित हो रहा है और उद्यमियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब उद्योगों को निर्बाध बिजली ही नहीं मिलेगी, तो वे अपने कारोबार और उत्पादन को सुचारु रूप से कैसे संचालित कर पाएंगे?

भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उद्योग जगत की इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए स्वयं को उद्योगों के लिए ऊर्जा मित्र के रूप में प्रस्तुत किया है। उद्योग जगत में संकट के विषय को मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया। चेम्बर भिलाई के चेयरमैन दिनकर बसोतिया ने बताया कि उद्योग किसी भी प्रदेश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और विकास की रीढ़ होते हैं। यदि उद्योगों को समय पर और पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होगी, तो इसका सीधा असर उत्पादन, व्यापार, श्रमिकों के रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने कहा कि उद्योगों में बिजली कटौती का असर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहता। मशीनों के अचानक बंद होने से उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित होती है, तैयार माल की आपूर्ति में देरी होती है और कई उद्योगों को दोबारा मशीनें चालू करने में अतिरिक्त समय एवं खर्च उठाना पड़ता है। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ स्वयं ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, तब प्रदेश के उद्योगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ना चिंता का विषय है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए केवल निवेश आकर्षित करना पर्याप्त नहीं है।

- चेम्बर ने जताई चिंता मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बोड़ला में आज निकलेगी माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा, तैयारी जोरों पर

बोड़ला। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मनगरी बोड़ला में 15 अक्टूबर को माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। सर्व युवा मित्र परिवार बोड़ला के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और युवाओं में खासा उत्साह है। यात्रा में नगर की माताएं-बहनें, युवा, बुजुर्ग और धर्मप्रेमी नागरिक शामिल होकर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट करेंगे। आयोजन के दौरान माता रानी की चुनरी के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। धुमाल की भक्तिमय धुनों और माता रानी के जयकारों के बीच निकलने वाली इस यात्रा से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कवर्धा के देवी मंदिरों में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज नवरात्रि के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। उन्होंने कवर्धा स्थित प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर और मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश एवं कबीरधाम जिले की सुख-शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

भूनेश्वर हिरेन्द्रवार बने अखिल भारतीय गढ़वाल समाज कवर्धा मंडल के अध्यक्ष

कवर्धा। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समाजसेवी भूनेश्वर हिरेन्द्रवार को कवर्धा मंडल का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है। ग्राम बिरकोना, धरमपुरा एवं कवर्धा समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से उनके नाम पर सहमति बनी। मनोनयन की घोषणा होते ही समाजजनों में हर्ष का माहौल रहा और उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भूनेश्वर हिरेन्द्रवार लंबे समय से गढ़वाल समाज की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। समाजसेवा, आपसी सहयोग और संगठन को मजबूत बनाने के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कवर्धा मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा समाज के लोगों को एकजुट करने के लिए नए प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष भूनेश्वर हिरेन्द्रवार ने मनोनयन पर महासभा के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत 20 ग्रामों के ग्रामीण प्रशिक्षित

वन अधिकार दावा प्रक्रिया व आवश्यक दस्तावेजों पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

शिखर युवा मंच एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत 20 ग्रामों में व्यक्तिगत वन अधिकार एवं सामुदायिक वन अधिकार दावा प्रपत्र भरने की विधि, प्रक्रिया तथा आवश्यक संलग्न दस्तावेजों की जानकारी प्रदान करने हेतु वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों के साथ ग्रामवार प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

ये प्रशिक्षण शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम खड़ौदा खुर्द, दुर्जनपुर, भरतपुर, कुकरापानी, धुमाछापर, लरबक्की, जामपानी, कोटनापानी, लीलादादर, लब्दा, बोदा, कुरुलुपानी, जोंकपानी, गांगचुवा, छुईहा, मुड़घुसरी, कोमो, बांटीपथरा, राली एवं छुही ग्रामों में आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार के दावा प्रपत्र भरने की सही प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन तथा दावों को नियमानुसार तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों की भूमिका, दावा प्रक्रिया में आवश्यक सावधानियों तथा पात्र वनवासियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के महत्व पर चर्चा की गई।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन में शिखर युवा मंच की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में टीम ने ग्राम स्तर पर वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों को संपन्न कराया।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामसभा एवं वन अधिकार समितियों की क्षमता को सुदृढ़ करना, वन अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पात्र हितग्राहियों को उनके अधिकारों की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है।

संस्था प्रमुख ने दिया वनवासियों के अधिकारों का संदेश



वन अधिकार आदिवासी एवं परंपरागत वनवासियों के अधिकारों, आजीविका और सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सही जानकारी, आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित प्रक्रिया की समझ से ग्रामसभा एवं वन अधिकार समितियां इन अधिकारों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शिखर युवा मंच समुदायों की क्षमता मजबूत करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

खबर संक्षेप



राष्ट्रीय भारोत्तोलन में चमकी तेलीगुंडरा की बेटी नेहा

पाटन। बेमेतरा में विगत माह आयोजित राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग (भारोत्तोलन) प्रतियोगिता में ग्राम तेलीगुंडरा की होनहार बेटी नेहा साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया है। सेजस कन्या विद्यालय पाटन की कक्षा 12वीं (कला संकाय) की छात्रा नेहा साहू (पिता चन्द्रसेन साहू - उपसरपंच, माता फिरोसनी साहू) का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस स्वर्णिम सफलता के बल पर उनका चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहाँ वे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने नेहा साहू को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नेहा की इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में एक विशेष सम्मान समारोह एवं 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर सरपंच हुलेश्वरी बीरेंद्र साहू, पूर्व तहसील साहू संघ अध्यक्ष दिनेश साहू, उपसरपंच चित्रसेन साहू, राजाराम साहू, अध्यक्ष चित्रसेन साहू, श्याम लाल साहू, बुधराम ठाकुर, नरेंद्र पटेल, गजेंद्र साहू, रेखराज साहू, सौरभ यादव, चंद्रशेखर साहू और भगवान देवांगन उपस्थित रहे। इसके अलावा शिक्षक मन्नूलाल वर्मा, अशोक ओझा, महेंद्र साहू, उर्वशी देशमुख, ममता सोनी, पंच कमला टांडे, मंजू यादव, कुमारी पटेल, प्रेमलता मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

जंजगिरी में आज सजेगा कवियों का मंच

अंडा। नवयुवक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार पारा जंजगिरी द्वारा इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 15 अक्टूबर गुरुवार को रात्रि 9 बजे से आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय 'कविता मन की आवाज है, शब्दों से सजता है समाज' निर्धारित किया गया है, सम्मेलन में डॉ. संजय दानी (दुर्ग), कैलाश साहू 'कुंवारा' (बम्हनी), गजपति राम साहू (कोड़ेवा सिकोसा), योगेश 'छत्तीसगढ़िया' (अर्जुनी), शिवा देशमुख (भेड़ी), प्यारे लाल देशमुख (निकुम), दिनेश्वर चंद्राकर (विनायकपुर) एवं चंद्रिका प्रसाद देशमुख (जंजगिरी) शामिल हैं।

'रंग बसंत' की प्रस्तुति ने ग्रामीणों का मन मोहा

जामगांव आर। समीपस्थ ग्राम पंचायत गातापार के आश्रित गांव उमरपोटी में बीती रात दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 'रंग बसंत' का रंगारंग आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू अपने मायके उमरपोटी पहुँचीं। उनके साथ पति व सभापति प्रतिनिधि नारद साहू, सांसद प्रतिनिधि पम्मी साहू, गयाराम साहू, बूथ अध्यक्ष रविन्द्र साहू एवं चोवाराम नेताम भी मंचासीन रहे। अपने मायके में आयोजित नवरात्रि उत्सव में शामिल होकर सभापति ने इसे अपना महान सौभाग्य बताया। उन्होंने गर्व से साझा किया कि अपने मायके उमरपोटी के कायाकल्प के लिए उन्होंने अब तक 23 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाई है।

सूरजपुर दोहरे हत्याकांड से उबला धोबी समाज

अंडा। सूरजपुर जिले के थाना विश्रामपुर अंतर्गत नगर पंचायत सतपता में शासकीय शिक्षिका रजनी बरेठ एवं उनके सुपुत्र सुजाल बरेठ की हत्या की घटना से पूरे प्रदेश में आक्रोश की लहर है। इस जघन्य अपराध पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने बेहद कड़ा ऐतराज जताते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने मामले में तत्परता दिखाते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं महिला व बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भुलन सिंह मरावी तथा जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से सीधे संपर्क साधकर हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है।

उपभोक्ताओं के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी कांग्रेस: आशीष

18 घंटे बिजली की मांग पर सब स्टेशन का घेराव, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति के विरोध में कांग्रेस ने लोलेसरा (गांगपुर) विद्युत सब स्टेशन का घेराव कर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने क्षेत्र में प्रतिदिन कम से कम 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाते हुए सरकार और बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसानों की खेती-किसानी, पेयजल व्यवस्था, छोटे कारोबार और ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण और विभागीय जवाबदेही तय करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता बिजली संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। अनियमित आपूर्ति और विभागीय लापरवाही से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरी है और बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने क्षेत्र में प्रतिदिन 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने की मांग की। छाबड़ा ने चेतावनी दी कि मांगों पर गंभीरता से पहल नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। ब्लॉक प्रभारी सुमन गोस्वामी ने कहा कि बिजली की समस्या केवल विभागीय मामला नहीं, बल्कि ग्रामीणों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के जीवन से जुड़ा विषय है। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से खेती-किसानी और घरेलू कामकाज प्रभावित होते हैं। सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति में सुधार करना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धरना-प्रदर्शन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होने तक पार्टी उनके हितों की लड़ाई जारी रखेगी।

ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, शशिप्रभा गायकवाड़, शिव वर्मा, अनिल दुबे, राजा वर्मा, संजय वर्मा, दीपक जायसवाल, चितेंद्र वर्मा, नरेंद्र निषाद, योगेश जांगड़े, गांधी कुर्रे, श्रवण, अश्वनी जोशी, महेत्तर वर्मा, प्रकाश वर्मा, सूरज कोसले, नरेश वर्मा, अर्जुन यादव, गेंद वर्मा, प्रीतम मानिकपुरी, नरसिंह वर्मा, रामाधार वर्मा, विजय वर्मा, मेला वर्मा, कमलेश वर्मा, कार्तिक यादव, मोहित खरे, मुरलीधर वर्मा, नरेंद्र वर्मा और पवन वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

100 से अधिक विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने भरा फॉर्म-6



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना जरूरी है। इसके लिए पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना पहली शर्त है। यह बात तहसीलदार यूके मानकर ने शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में आयोजित विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर में कही। शिविर में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नए मतदाता के रूप में पंजीयन के लिए फॉर्म-6 भरा।

- लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी, बेरला महाविद्यालय में जागरूकता

स्वीप, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का उद्देश्य 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में तहसीलदार यूके मानकर मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आस्था तिवारी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। तहसीलदार मानकर ने विद्यार्थियों को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. आस्था तिवारी ने युवाओं से निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। शिविर में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की उपस्थिति में निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार ऑफलाइन और ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म-6 भरवाए गए। इस दौरान प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को निष्पक्ष और नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का संचालन स्वीप एवं ईएलसी प्रभारी युवराज पावले ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक बीआर सिवारे, एके कुर्रे, आशीष एक्का, खुशबू ध्रुव, गिरिजा वर्मा, संबंधित बीएलओ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेजेस स्कूल में रोल प्ले व लोकनृत्य प्रतियोगिता में अंधियारखोर अव्वल

बेमेतरा। विकासखंड स्तरीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल नवागढ़ में रोल प्ले एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में



- नवागढ़ में विकासखंड स्तरीय जनसंख्या शिक्षा प्रतियोगिता आयोजित, बदनारा को मिला दूसरा स्थान

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंधियारखोर ने दोनों विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बदनारा दोनों विधाओं में द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में रोल प्ले की छह और लोकनृत्य की पांच प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल एवं मूल्यांकन समिति में महेश कुमार साहू, माध्यमिक शाला कन्या नवागढ़; जॉनी मारकंडे, पूर्व माध्यमिक शाला मुरता; शांत कुमार पटेल, प्राथमिक शाला लालपुर; तथा मंजू भारद्वाज, प्राथमिक शाला तिलकापारा शामिल रहे। अनुशासन व्यवस्था एवं आयोजन की जिम्मेदारी प्रधानपाठक राम कुमार साहू ने संभाली, जबकि मंच संचालन प्रधानपाठक परमेश्वर साहू ने किया। समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हितेंद्र कुमार बंजारे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीपी कोइरी, बीआरसी जीवराखन वर्मा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य अल्का मेश्राम एवं सीएससी किशन कंवर सहित उपस्थित अधिकारियों ने प्रतिभागियों और विजेता दलों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रूफेजा साहिन खान, आकांक्षा शर्मा, दीपिका साहू, रुस्तम टंडन, नीता पाइक सहित हायर सेकेंडरी स्कूल अंधियारखोर, मुरता एवं बदनारा तथा हाई स्कूल मानिकपुर और तोरा के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बिरझापुर में 10 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा विधानसभा क्षेत्र के धमधा ब्लॉक के ग्राम बिरझापुर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विभिन्न पहुंच मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में

- सांसद विजय बघेल व विधायक ईश्वर साहू हुए शामिल

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें बिरझापुर से परसबोड़-खपरी पहुंच मार्ग लंबाई 6 किलोमीटर, स्वीकृत लागत 7.21 लाख रुपए, ग्राम राहटादाह से मोतीमपुर पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 किलोमीटर, स्वीकृत लागत 2.98 लाख शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता होगी और क्षेत्र के विकास को नई





दिशा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साजा विधायक ईश्वर साहू ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना मंच पर मौजूद रहे।

अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, छगन साहू, नरेश साहू, जयसिंह राजपूत, दिलीप गुप्ता, सागर वर्मा, मंजू धीवर, सोनिया मिश्रा, कुमारी बाई टॉन्डरे, मनोज साहू, सीताराम वर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, बलदाऊ पाल, रामचंद्र यादव, मुकेश साहू, गन्नू साहू सहित समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

रवीन्द्र संगीत गायिका शिप्रा का पुण्यतिथि पर स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ की प्रख्यात रवींद्र संगीत गायिका रवीन्द्र संस्कृति प्रचारक स्व. शिप्रा भौमिक के द्वितीय पुण्यतिथि पर गीतवितान कला केन्द्र भिलाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विगत दिनों गीतवितान भवन रूआबाधा सेक्टर में किया गया।

इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक नरेन्द्र कुमार बंछोर, संरक्षक परविन्दर सिंह, मुख्य सलाहकार डॉ. रमेश कुमार सोनवणे, शैलेश चाहंडे,संस्था अध्यक्ष रजनी सिन्हा, सोमेन कुण्डू, प्रदीप कुमार मित्रा द्वारा स्व. शिप्रा भौमिक के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात गायन विभाग छात्रा-साथी सेन, जॉली चक्रवर्ती एवं संस्था के सदस्य सुभाषिस डे के द्वारा शिप्रा को स्मरण करते हुए अपने विचार रखे।

वर्ष 1986 से 2024 के दीर्घकालीन शिप्रा द्वारा किये गए सस्कृति के क्षेत्र में विभिन्न कार्य एवं गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के संस्कृति को छत्तीसगढ़ के माटी पर प्रचार-प्रसार, शांति निकेतन की परम्परा का अनुसरण, रवीन्द्र संगीत को जनमानस तक पहुंचाने के लिए उनके योगदान को विस्तारित रूप से नृत्यमणी मिथुन दास ने प्रकाश डाला।

इस अवसर पर गीतवितान कला केन्द्र का शुभारम्भ संस्था के सदस्यों अयोध्या वेबसाइट के निर्देशक आकाश गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। संस्था के गायन छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि के रूप में रवीन्द्र संगीत-आगुनेर परोशमणी छुआओ प्राणे, आजी जतो तारा तबो आकाशे की सुमधुर प्रस्तुति के द्वारा उन्हें भावांजलि प्रदान किया गया। लोक संगीत के छात्र द्वारा भजन- माटी हो ही तोर चोला रे की प्रस्तुति दी गयी। एकल संगीत प्रस्तुति- गौतम शील, दीपा प्रामाणिक के द्वारा दिया गया। संचालन सदस्य सूरभी राय के द्वारा किया गया एवं हारमोनियम संगत चन्द्रा बैनर्जी द्वारा किया गया।

पेज 9 का शेष

गांवों में पहुंचे मंत्री ...

से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, मांगों और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया। मंत्री ने ग्रामीणों का कुशलक्षेम जानने के साथ उनकी बातों को गंभीरता से सुना। गांवों की स्थानीय परिस्थितियों और लोगों की जरूरतों को करीब से समझने के लिहाज से इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ग्रामीणों से सीधे मुलाकात के दौरान क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। गांवों में पहुंचकर लोगों के बीच समय बिताने और उनकी समस्याएं सुनने के माध्यम से मंत्री ने जनसंपर्क को प्राथमिकता दी। जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी अपेक्षाओं को जानना दौरे का प्रमुख हिस्सा रहा।

सूर्यघर योजना से ...

कार्यक्रम में योजना के क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक सोलर पैनल लगवाने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंचों, स्व-सहायता समूहों की सोलर दीदियों, बैंक प्रतिनिधियों, वेंडरों तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर एवं कुसुम योजना के हितग्राहियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद: कार्यक्रम में सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज, अधीक्षण अभियंता तरुण ठाकुर, कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, कुंजेश श्रीवास और जे.एस. भटनागर सहित साजा एवं बेमेतरा संभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में कार्यपालन अभियंता जे.एस. भटनागर ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और हितग्राहियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आपराधिक मामले ...

के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया। याचिकाकर्ता पक्ष का आरोप है कि तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों ने 27 अक्टूबर 2024 को धारा 163 के तहत जारी आदेश को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने का प्रयास करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रशासनिक कार्रवाई के चलते आंदोलन कमजोर पड़ने का भी दावा किया गया है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता कौस्तुभ शुक्ला ने पैरवी की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से फिलहाल संबंधित आपराधिक प्रकरण की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।

पाटन के सीमावर्ती गांवों में चोरी का खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में पिछले कुछ समय से बाहरी अनजान व्यक्तियों की संदिग्ध आवाजाही तेजी से बढ़ी है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांवों में खेतों से महंगे केबल तार चोरी होने और मकानों के

- फेरीवालों की आड़ में संदिग्ध गतिविधियों से ग्रामीण सशंकित

बाहर से मोटर वाहन पार होने की घटनाओं ने ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। इस बीच, फेरी लगाने के बहाने गांव-गांव और घर-घर पहुंच रहे अनजान लोगों की पृष्ठभूमि और पहचान सत्यापन न होना एक बड़ी सुरक्षा चूक साबित हो रही है।

गांवों में प्रतिदिन गैस चूल्हा रिपेयरिंग करने, पुराने-टूटे मोबाइल फोन खरीदने और हस्तरेखा देखकर भविष्य बताने जैसे अलग-अलग बहानों से अनजान लोग घूम रहे हैं। हालांकि, हर फेरीवाला अपराधी नहीं होता, लेकिन बिना किसी पहचान पत्र के गांव की गलियों और घरों तक उनकी सीधी पहुंच चिंता का विषय है। संदिग्ध गतिविधियों की अनदेखी भविष्य में किसी बड़ी आपराधिक वारदात का कारण बन सकती है।



अकेली महिलाओं की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय पुरुष वर्ग अक्सर खेतों या मजदूरी पर बाहर रहता है और महिलाएं घरों में अकेली होती हैं। ऐसे समय में काम के बहाने घर के दरवाजे तक पहुंचने वाले अनजान लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ग्रामीणों को सलाह दी जा रही है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति से घर के कीमती सामान, जेवर, या परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से जुड़ी निजी जानकारी कतई साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति जबरन घर में घुसने का प्रयास करे या अजीब सवाल पूछे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी: खेतों से केबल तार गायब

किसानों के खेतों में लगे सिंचाई पंपों और स्टार्टर से जुड़े कॉपर केबल तारों की चोरी एक संगठित गिरोह का काम लग रही है। तार चोरी होने से किसानों को न केवल हजारों रुपये का सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि फसलों की सिंचाई ठप होने से फसल सूखने का भी खतरा बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को संवेदनशील ग्रामीण रास्तों पर गश्त बढ़ानी चाहिए। क्षेत्र में केबल चोरी के दर्ज मामलों की आधिकारिक संख्या और वर्तमान स्थिति की जांच अपेक्षित है।

वाहन चोरों की बल्ले-बल्ले, यातायात निगरानी पर उठे सवाल

ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहन अक्सर मकानों के बाहर या दुकानों के आसपास खड़े रहते हैं, जिन्हें चोर आसानी से निशाना बना रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में यातायात पुलिस की सुस्त निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। सीमावर्ती सड़कों पर नियमित वाहन चेकिंग, बिना वैध दस्तावेजों और नंबर प्लेट के घूम रहे संदिग्ध वाहनों पर कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने बेहद जरूरी हैं। पुलिस प्रशासन को यातायात निगरानी, स्थानीय थाना गश्त और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय बिठाकर इन चोरियों पर अंकुश लगाना होगा।

प्रशासन और पुलिस के सामने खड़े कुछ सीधे सवाल

इस संपूर्ण स्थिति के बीच यह जानना आवश्यक हो जाता है कि क्या पाटन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में पुलिस की नियमित नाइट पेट्रोलिंग हो रही है और खेतों से केबल तार चोरी की दर्ज शिकायतों पर अब तक क्या ठोस कार्रवाई हुई है। साथ ही, गांवों में घूम रहे फेरीवालों का डेटाबेस बनाने, उनके चरित्र सत्यापन की व्यवस्था करने और वाहन चोरी रोकने के लिए सीमावर्ती चेकपोस्टों पर नियमित जांच करने जैसे अहम सवालों पर पुलिस प्रशासन को ध्यान देना होगा।



खबर संक्षेप



जिला अस्पताल में अधिकारियों ने लगाई झाड़ू दिया स्वच्छता का संदेश

बेमेतरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर, उद्यान, मंदिर क्षेत्र और अधिकारियों- कर्मचारियों के कार्यस्थलों की सफाई की गई। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू और अस्पताल प्रबंधक डॉ. स्वाति यदु ने कर्मचारियों व सफाईकर्मियों के साथ स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान एकत्रित कचरे को व्यवस्थित रूप से डस्टबिन में डाला गया। डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। सेवा संकल्प अभियान के तहत चल रहे स्वच्छता कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर नियमित सफाई की आदत अपनानी चाहिए। अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने से संक्रमण का खतरा कम होता है और मरीजों को बेहतर वातावरण मिलता है। अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों और उनके परिजनों से अपील की कि परिसर व उद्यान में प्लास्टिक थैलियां या अन्य कचरा न फेंकें। उपयोग के बाद कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें और अस्पताल को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

युवा रत्न सम्मान योजना के आवेदन 30 तक

कवर्धा। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक स्वैच्छिक संगठन तथा 14 विभिन्न क्षेत्रों में एक-एक उत्कृष्ट युवा को सम्मानित किये जाने का प्रावधान है। चयनित स्वैच्छिक संगठन को पदक, झाल, प्रशस्ति, प्रमाण-पत्र एवं सम्मान स्वरूप 5 लाख की राशि प्रदान की जाती है।

3 वारंटियों के खिलाफ जिला पुलिस प्रशासन ने की कार्रवाई

कवर्धा। जिले में लंबित न्यायालयीन वारंटों की तामीली के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सहसपुर लोहारा और कवर्धा थाना पुलिस ने तीन वारंटियों की पतासाजी कर उनके खिलाफ जारी वारंट तामील किए। इसके बाद संबंधित वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सहसपुर लोहारा पुलिस ने ग्राम धर्मगढ़ निवासी घसतीन आयु 45 वर्ष पिता मंगलू और ग्राम रणवीरपुर निवासी चोतुराम पटेल आयु 50 वर्ष पिता बालूराम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की। वहीं, कवर्धा थाना पुलिस ने ग्राम मजगांव निवासी जगेशर कुर्रे उर्फ राजू आयु 32 वर्ष पिता चतुर कुर्रे के खिलाफ जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट तामील किया। लंबित वारंटों की तामीली के लिए अभियान कबीरधाम पुलिस द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में लंबित वारंटों की तामीली को प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने और संबंधित व्यक्तियों की न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराने में मदद मिलती है। जिले में लंबित वारंटों की तामीली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

निधन

त्रिलोक सिंह



साजा। कजरा निवासी दाऊ त्रिलोक सिंह वर्मा का निधन हो गया। वे रामअवतार वर्मा, झगगर वर्मा के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पर्व : तीसरे वर्ष निकली यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, माता भद्रकाली को चुनरी अर्पित कर की सुख-समृद्धि की कामना

माता कालिका की चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शहर में श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का अनुपम दृश्य उस समय देखने को मिला, जब माता कालिका परिवार की ओर से लगातार तीसरे वर्ष भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। माता रानी के जयकारों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तिमय माहौल के बीच निकली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती चुनरी यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं में माता रानी के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला।

यात्रा के दौरान जगह-जगह भक्ति का माहौल रहा और श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। चुनरी यात्रा का शुभारंभ शहर स्थित माता कालिका मंदिर से हुआ। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं का जत्था माता रानी की चुनरी लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए माता भद्रकाली मंदिर पहुंचा। यहां आयोजन समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने माता भद्रकाली को विधि-विधान से चुनरी अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। धार्मिक आस्था से जुड़े इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और सामूहिक श्रद्धा की भावना को भी प्रदर्शित किया।

जनप्रतिनिधियों सहित हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता

भव्य चुनरी यात्रा में विधायक दीपेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सभापति गौरव साहू, पार्षद सिमरन ताम्रकार, निशा चौबे, महामंत्री संदीप यादव, डॉ. विनय साहू, राकेश वर्मा, भानु राम साहू, योगेश वर्मा, डॉ. नरेश साहू, गोलू कोसले और मीनू पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने धार्मिक आयोजन में सहभागिता करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। यात्रा में युवाओं और अन्य श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी भी देखने को मिली।

धार्मिक आयोजन संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक : दीपेश साहू

विधायक दीपेश साहू ने चुनरी यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और अटूट आस्था के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के साथ आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। बेमेतरा की पहचान धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता से जुड़ी है। लगातार तीसरे वर्ष इतनी भव्यता के साथ चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाना सराहनीय है।

धार्मिक आयोजनों से मजबूत होती है सामाजिक एकता : विजय सिन्हा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि माता रानी की भक्ति से जुड़े धार्मिक आयोजन पूरे समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करते हैं। उन्होंने चुनरी यात्रा के सफल आयोजन के लिए माता कालिका परिवार और आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी। चुनरी यात्रा के दौरान धार्मिक उत्साह के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल होते रहे और माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की व्यापक सहभागिता ने बेमेतरा में धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों की आस्था को प्रदर्शित किया।

दुर्गा पंडालों में गूंजे माता के जयकारे और पारंपरिक गीत



बेमेतरा/नारायणपुर। ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में इन दिनों शारदीय नवरात्र के अवसर पर तेदूभाठा , दुधिया,नवागांव, लोहाडगिया, अमलडीहा, सहित आसपास के गांवों में सजे मां दुर्गा के पांडालों में भव्य मूर्ति स्थापित कर, माँ दुर्गा की आराधना का उल्लास गांव सहित क्षेत्र में छाया हुआ है। जहां सभी ग्रामों में दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा मां दुर्गा की भव्य रुप में पंडाल सजाए गए हैं। जहां आरती के बाद जसगीत एवं सेवा गीतों का गायन किया जा रहा है। वही युवाओं द्वारा माता की भक्ति गीतों में पंडालों का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। जिसमें श्रद्धालुगण जसगीतों के साथ नौ दिनभक्ति में लीन होकर नवरात्र पर्व उत्साह पूर्वक से मना रहे हैं। व शाम ढलते ही पंडालों में आकर्षक विद्युत सजावट के साथ माता की आरती की जाती है। इसके बाद जसगीत और सेवा गीतों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हो जाता है। पारंपरिक धुनों पर गाए जाने वाले गीतों में महिलाएं, पुरुष और युवा उत्साह के साथ भाग लेते हैं। विशेष रूप से महिलाओं व पुरुषों के दल में गांव की महिलाओं से लेकर युवतियों तक मां की भक्ति में लीन होकर गीत गा रही हैं। जिसमें गांवों में नौ दिनों तक भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहते हैं। वही आस-पास के क्षेत्रों के साथ अंचल के गांवों में भी नवरात्र पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जहां गांव में चार जगह भव्य मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर दुर्गोत्सव समितियों द्वारा भव्य पांडालों को सजाकर आकर्षक रूप से झालार लाईटों से सजाया गया है। जहां मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए ग्रामीण परिवार सहित लोग भारी संख्या में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वही शाम को मंदिरों में होने वाली महा आरती और भक्ति गीतों की गूंज से भक्तिमय माहौल को और अधिक उल्लासित कर रही है। जिससे गांवों में उत्साह और भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है।

भक्ति और उत्सव का वातावरण

नवरात्र के दौरान दुर्गा पंडाल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के आपसी मेल-मिलाप के स्थल भी बने हुए हैं। जहां सामूहिक आरती, जसगीत और सेवा गीतों में लोगों की भागीदारी से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हो रही है। वहीं, पारंपरिक गीतों के माध्यम से नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। नवरात्र में इन दिनों मां दुर्गा की आराधना के साथ गांवों में भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु मां से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना कर रहे हैं।

आज पंचमी पर मां का किया जाएगा भव्य श्रृंगार

ग्राम पंचायत नारायणपुर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश स्थल पर शारदीय नवरात्र के अवसर पर पंचमी पर्व पर माता रानी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। महामाया समिति द्वारा जानकारी दी गई है कि अश्विन शुक्ल पांच पंचमी 15 अक्टूबर गुरुवार को माता जी का विशेष फूलों व चुनरी से अलौकिक श्रृंगार होगा। इस अवसर पर महा अष्टमी हवन 19 अक्टूबर सोमवार को हवन पूजन और शाम को महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष राजेश क्षत्री, राम चरण साहू, बृजलाल सिंह, शत्रुघ्न पटेल ने दी है।

मजगांव पहुंचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया, दुर्गा पंडालों में किए दर्शन



बेमेतरा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया ग्राम मजगांव पहुंचे। यहां भाजयुमो उपाध्यक्ष नागेश साहू ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इसके बाद दोनों ने बेमेतरा जिले के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर नागेश साहू ने कहा कि नवरात्र शक्ति, भक्ति और आस्था का पर्व है। मां दुर्गा की आराधना समाज में सकारात्मकता, सद्भाव और सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने माता रानी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य बनाए रखने की प्रार्थना की। दुर्गा पंडालों में दर्शन-पूजन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री गौरव यदु सहित ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पंचमी पर मां शीतला मंदिर सहित दुर्गा पंडालों में होगी विशेष पूजा-अर्चना



बेमेतरा/बेरला। नवरात्र पर्व के पंचमी तिथि पर आज मटिया, कोसपातर और बारगांव में मां शीतला मंदिर सहित विभिन्न दुर्गा पंडालों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। पंचमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। नवरात्र के दौरान गांवों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु शक्ति स्वरूपा मां जगत जननी की आराधना में लीन हैं। नवरात्रि के चौथे दिन बुधवार को मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में घंटी और शंख की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो रहा है। पंचमी पर विशेष पूजा के साथ श्रद्धालु मां से सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना करेंगे। शाम होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुट रही है और लोग मां के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

जसगीतों से गूंज रहे मंदिर

नवरात्र पर्व पर गांव के शीतला मंदिर में रात के समय ढोल, नगाड़े, झांझ-मंजीरों की धुन पर जसगीत गाए जा रहे हैं। श्रद्धालु एकत्रित होकर भक्ति गीतों के माध्यम से मां की सेवा कर रहे हैं। पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी भजन-कीर्तन में शामिल होकर माता की आराधना कर रहे हैं। पंचमी के अवसर पर भी मंदिरों में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिलेगा। मां शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जय मां शीतला सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय हैं। इनमें तुकाराम साहू, मनोहर पाटिल, होरीलाल पाटिल, तातू साहू, सनत पाटिल, तिहारु निषाद, दिलीप साहू, गवेन्द्र साहू, तेजराम विश्वकर्मा, पिंटू पाटिल, मानसिंह साहू, अशोक साहू, कामता साहू और प्रभुलाल वर्मा सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे हैं।


नवरात्रि में आस्था का केंद्र बना मां ज्वाला शक्ति मंदिर



साजा। ग्राम गगरिया खमरिया में स्थित मां ज्वाला शक्ति मंदिर नवरात्रि के दौरान आस्था और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में 106 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

विदित हो कि इस मंदिर का निर्माण स्थानीय श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से कराया गया है। मंदिर निर्माण में केडी शर्मा एवं तनुमाल खत्री का विशेष सहयोग रहा। बताया जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व जलाशय की खुदाई के दौरान मां ज्वाला दुर्गा की प्रतिमा प्राप्त हुई थी। इसके बाद ग्रामवासियों ने चबूतरे का निर्माण कर प्रतिमा को स्थापित किया। समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था और सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण कराया गया तथा प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मान्यता है कि मां ज्वाला के दरबार में सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते नवरात्रि में दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख जय ज्वाला उत्थान समिति द्वारा की जा रही है। समिति के अध्यक्ष लेख राम साहू ने बताया कि मां ज्वाला के नए मंदिर के निर्माण से मंदिर की भव्यता और रौनक पहले से बढ़ गई है। मंदिर का आकर्षक स्वरूप श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मंदिर की देखरेख एवं सेवा कार्यों में नारद राम साहू, लेखराम साहू, ज्ञान सिंह साहू, भोलाराम साहू और तनुमाल खत्री सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं। समिति के सदस्यों ने मां दुर्गा से ग्राम एवं पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की है।

महामाया व शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



साजा। क्वांर नवरात्रि पर नगर के विभिन्न मंदिरों में मनोकामना की ज्योति प्रज्ज्वलिज्की गई है। वहीं नगर के मां महामाया मंदिर में 322 ज्योति तेल, 3 ज्योति घृत व शीतला मंदिर में 64 ज्योति तेल और 1 ज्योति घृत कलश प्रज्ज्वलित किये गये हैं। इससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मां महामाया शीतला समिति द्वारा मंदिर की विशेष रूप से सजावट की गई है।

नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश



बेमेतरा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने ग्राम परपोड़ा, खम्हरिया (आर), कुम्ही (भिंभौरी), सोरला और भरचट्टी (बेरला) में आयोजित रात्रिकालीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की आराधना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ने उनसे आत्मीय भेंट की। योगेश तिवारी ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, भक्ति और आस्था का पर्व है। मां दुर्गा की उपासना हमें सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। योगेश तिवारी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी सनातन संस्कृति और लोक परंपराओं की पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने के साथ आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इनसे नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान बलराम पटेल, नीरज सिंह राजपूत, फतेलाल साहू, मालिकराम साहू, डोमन साहू, मनोज साहू, ओमप्रकाश साहू, कुलेश्वर साहू, दुर्गा सिवारे, स्टोरहन साहू, पोषण यादव, महेंद्र पाटिल, प्रीतम पटेल, राजू साहू, केजू यादव, कैलाश पटेल, संतराम निषाद, लाल साहू, हेमलाल साहू, खुमान प्रसाद शर्मा, दिनेश ठाकुर, मोतीलाल साहू, संजू यादव, विलाश ठाकुर, पुरेंद्र शर्मा, भगवती साहू, दुर्गेश देवांगन, संतोष ठाकुर, मनीष साहू, रूपकुमार, लवकुमार निषाद, जयराम निषाद, देवकुमार यादव, सुनील निषाद, अश्वनी यादव, घनश्याम साहू, रमेश निषाद और गणेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

9 चमत्कारी इतिहास और किंवदंतियों से जुड़ी है मंदिर की गाथा

आस्था का केंद्र बना मां सती मंदिर, ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



विधानसभा अंतर्गत बिरनपुर शक्तिघाट के नदी किनारे स्थित मां सती मंदिर क्षेत्र की आस्था केंद्र बन चुका है। इस प्राचीन स्थल से जुड़ी अनकही कथा और इतिहास यहां आने वाले हर श्रद्धालु को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर के पुजारी दिनेश चौबे और गांव के बुजुर्गों के अनुसार, इस स्थल का इतिहास वर्षों पुराना और चमत्कारी है।

ग्रामीणों और बुजुर्गों की मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन समय में गेरु बेचने वाले एक पति-पत्नी इस मार्ग से गुजर रहे थे। रात होने पर उन्होंने नदी किनारे एक इमली के पेड़ के नीचे विश्राम करने का निर्णय लिया। दुर्भाग्यवश, उसी रात्रि विश्राम के दौरान पति की अचानक मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद असहाय और वियोग में डूबी पत्नी ने उसी स्थान पर लकड़ी एकत्रित कर चिता सजाई और अपने पति के साथ अपनी देह त्याग दी। इस प्रकार इस पावन भूमि पर सतीत्व की अनूठी मिसाल कायम हुई।

कालांतर में, बिरनपुर गांव के लोग जब सावन के महीने में अपने गांव की मेड़ों (सीमा) को ठीक करने या बनाने जाते थे, तब वापसी के समय वे उस इमली के पेड़ के नीचे श्रद्धावश एक-एक पत्थर चढ़ाने लगे। धीरे-धीरे वहां आने जाने वाले लोगों को एक अलौकिक शक्ति का अहसास होने लगा।

लोगों की बढ़ती आस्था और चमत्कारी अनुभवों को देखते हुए ग्रामीणों ने उस स्थान पर एक छोटे 'चौरा' का निर्माण कर दिया, जिसे आगे चलकर सती चौरा के रूप में जाना जाने लगा। समय के साथ जब इस स्थान की महिमा दूर-दूर तक फैली, तब तेंदुआ और खम्हरिया क्षेत्र के एक सड़क ठेकेदार (बलदाऊ) द्वारा पत्थर की मूर्ति की स्थापना के लिए वहां एक छोटे मंदिर का निर्माण करवाया गया। समय बीतने के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगता गया और आज यह स्थान एक भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन चुका है। वर्तमान में साजा के बिरनपुर शक्तिघाट स्थित इस मां सती मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर पहुंच रहे हैं और माता के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

